राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर)

☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321

Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : राऋभमवि/अल/ परीक्षा **/2020/** 1616 **दिनांक :** 4/12/2020

मुख्य परीक्षा–2020 के पुनर्मल्यांकन आवेदन पत्र भरने संबंधी दिशा–निर्देश

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा–2020 के पुनर्मूल्यांकन हेतु अध्यादेश 157–A के प्रावधानों के तहत ऑनलाईन आवेदन पत्र निम्नानुसार भरे जायेंगे :–

1. पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन–पत्र ऑनलाईन विश्वविद्यालय वेबसाईट www.univindia.org द्वारा भरे जायेंगे।
2. विश्वविद्यालय प्रावधान के तहत मुख्य परीक्षा में 25 प्रतिशत प्रश्न पत्रों में पुनर्मल्यांकन करवाया जा सकता है।
3. पुनर्मूल्यांकन ऑनलाईन आवेदन शुल्क निम्नानुसार देय होगा।
   (अ) नियमित छात्रों के लिए रूपये 350/– प्रति प्रश्न पत्र।
   (ब) स्वयंपाठी छात्रों के लिए 350/– प्रति प्रश्न पत्र तथा प्रोसेसिंग शुल्क रूपये 80/– देय होगा।
4. सभी कक्षाओं के छात्र परीक्षा परिणाम आने की तिथि से 15 दिवस तक पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। समस्त स्नातक (पास/ऑनर्स कोर्स), एम.ए. संगीत एवं मनोविज्ञान परीक्षाओं के छात्र 06.12.2020 से 21.12.2020 तक ही पुनर्मूल्यांकन आवेदन कर सकते हैं। (तत्पश्चात संबंधित परीक्षा के लिए वेबसाईट बन्द हो जायेगी।) पुनर्मल्यांकन आवेदन करेन के पश्चात आवेदन फार्म की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है। जिसे छात्र अपने पास सुरक्षित रखें तथा विश्वविद्यालय को आवश्यकता होने पर आपसे मांग लिया जावेगा।
5. आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की प्रकिया–परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क ICICI के माध्यम से जमा कराना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फार्म की प्रकिया निम्नानुसार होगी :–
   (अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.univindia.org पर विजिट कर अपनी कक्षा से सम्बन्धित ऑनलाईन पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र मुख्य परीक्षा के अनुक्रमांक से भरेंगे।
   (ब) परीक्षार्थी पुनर्मल्यांकन परीक्षा का निर्धारित शुल्क ICICI BANK में केडिट, डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा सकते हैं, तत्पश्चात कमांक अंकित करके आवेदन पत्र दो प्रतियों में प्रिंट प्राप्त कर लें। पुनर्मल्यांकन आवेदन फार्म की दोनों प्रतियों एवं शुल्क जमा कराने की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें।
   (स) एक बार शुल्क जमा होने के पश्चात किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं होगी।

नोट :– पुनः सूचित किया जाता है कि पुनर्मूल्यांकन आवेदन करने के पश्चात छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन की हार्डकॉपी को अपने पास सुरक्षित रखें तथा आवश्यकता होने पर विश्वविद्यालय द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : राऋभमवि/अल/ /2020/ दिनांक :

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. वित्त नियंत्रक ।
2. प्रभारी अधिकारी आई0टी0 को प्रेषित कर लेख है कि उक्त दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रसारित करने का श्रम करें।
3. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राज ऋषि भर्तहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
4. समस्त सहायक कुलसचिव।
5. सहायक विधि परामर्शी।
6. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म परीक्षा– 2020।

परीक्षा नियंत्रक